दिनांक17मार्च2020
स्वच्छ भारत अभियान
स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आंगनबाड़ी सहायिकाओं की हुई पदोन्नति अब कहलाएंगी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पांच महिलाओं को आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने दी पदोन्नति

भिलाई नगर/ एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई के अंतर्गत रिक्त आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए आंगनबाड़ी सहायिकाओं को कार्यकर्ता के पद पर अस्थाई रूप से शासन द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों के अधीन पदोन्नति आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी द्वारा कर दी गई है! जिसमें पुष्पा देवांगन पति स्वर्गीय निर्मल देवांगन को सेक्टर 10 वार्ड क्रमांक 64, चंद्रवती पति सुरेंद्र कुमार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सुभाष नगर 3 वार्‌ड क्रमांक 34, पार्वती पति इवन लाल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को शहीद वीर नारायण नगर 1 वार्ड क्रमांक 38, झामीन बाई पति चुरामन लाल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को न्यू मार्केट मरोदा वार्ड क्रमांक 43, ललिता सूर्यवंशी पति सुरेंद्र सूर्यवंशी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को कोसा नगर सतनामी मोहल्ला वार्ड क्रमांक 3 मे पदोन्नत होने के पश्चात कार्य करेंगी! पदोन्नति होने के पश्चात जारी आदेश दिनांक से 15 दिवस के भीतर इन्हें अपनी उपस्थिति परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास भिलाई में देनी होगी! पदोन्नत हुई आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उपायुक्त तरुण पाल लहरें ने नियुक्ति पत्र देते हुए बधाई दी! इस मौके परियोजना अधिकारी सरोजिनी चौधरी, वाई राजेंद्र राव, अजय शुक्ला,उषा झा, चंद्र कुमारी साहू, सुखराम यादव, ईश्वरी प्रसाद साहू मौजूद रहे! वरिष्ठता क्रम की सूची आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के लिए आवेदन आमंत्रित करने के पश्चात अंतिम मूल्यांकन पत्रक की सूची प्रकाशित की गई है! निगम के महिला बाल विकास में चस्पा हुई सूची का अवलोकन कर सकते हैं, जिसके दावा-आपत्ति का अंतिम दिनांक 24 मार्च 2020 को है!

जनसंपर्क अधिकारी